भारतीय प्रेस परिषद्
PRESS COUNCIL OF INDIA
सूचना भवन, 8 सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली–110 003
Soochna Bhawan, 8 CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi-110003

**F.No. 1/6/2020-PCI (Admn.) (Part-III)** **Dated: 26.09.2026**

## VACANCY CIRCULAR

In continuation of the Vacancy Circular dated **18.05.2024**, the examination conducted on **04.05.2025** and the subsequent Cancellation vide Notice dated **18.06.2026**, applications are hereby again invited from eligible Indian citizens to fill the vacancies for the post of **Assistant Section Officer (Group 'B', Non-Gazetted)** in the **Press Council of India**. The details of the vacancies are as follows:

| Sl. No. | Name of Post and Pay Scale | Vacancies | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | OBC | SC | ST | Total |
| 1. | Assistant Section Officer (Group B Non-Gazetted) Level - 6<br>(pre-revised PB-2 Rs. 9,300-34,800+G.P. Rs. 4200/-) | 02 | 01 | 00 | 00 | **03** |

**2.** All candidates who had applied earlier in response to the Advertisement Notice dated 18.05.2024 and were issued Admit Cards for the examination conducted on 04.05.2025 shall be eligible to appear in the direct recruitment examination for the aforesaid posts of Assistant Section Officer (ASO) in PCI, irrespective of the upper age limit prescribed for fresh applications. Such candidates shall, however, submit a fresh application in the prescribed proforma indicating there in the Roll No. allotted to them for the examination conducted on 04.05.2025. They shall be exempted from payment of the examination fee for reappearing in the said examination.

### 3. QUALIFICATION

**Minimum:**

Bachelor's Degree from a recognized University/Institute.

**Preferred/Desirable:**

(i) Post Graduate degree from a recognized University **or**
(ii) Degree in Law from a recognized University **or**
(iii) Degree/Diploma in Journalism/Mass Communication **or**
(iv) Knowledge of additional Indian language apart from English/Hindi.

Candidates will be required to qualify typing test of 15 minutes duration on computer at a minimum speed of 30 w.p.m in English or 25 w.p.m in Hindi within a period of two years from the date of appointment to the post of Assistant Section Officer. In the event of their failure to pass the test within the prescribed period, they shall not be entitled to draw any further increment till they pass such test or are exempted from this requirement and on passing or being exempted from the test their pay will be refixed as if their increments have not been withheld but no arrears of pay shall be allowed for the period for which the increment has been withheld.

4. AGE LIMIT: 20-30 years

**Note-I:** The upper age limit for the post is relaxable as per extant orders of Government of India.

**Note-II:** The crucial date of age limit is reckoned with reference to closing date of submission of application. Candidates should note that the Date of Birth as recorded in the Matriculation/ Secondary Examination certificate or an equivalent certificate only will be accepted by the Council for determining the Age eligibility and no subsequent request for its change will be considered or granted.

**Note-III:** A person seeking appointment under OBC category must ensure that he/she does not fall in Creamy Layer on the crucial date i.e. the closing date of submission of application. The applicants of OBC category, who are not covered under Creamy Layer in terms of extant orders of Government of India as amended from time to time, shall invariably submit the requisite certificate as per format (Annexure-II). The candidature of such OBC category applicants will remain provisional subject to verification of his/her claim by the Appointing Authority.

5. FEES:

Fee of Rs 100/- (Rs. One Hundred Only) is payable. SC/ST and Women candidates, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) and Ex-servicemen (ESM) are exempted from payment of fee. The candidate may make the payment through the following modes:

(i) Demand Draft in favour of Secretary, Press Council of India
(ii) Cheque in favour of Secretary, Press Council of India.
(iii) Online payment: The candidate can make online payment directly to PCI in its bank account as per the details below and **a copy of payment receipt (UTR no.) is mandatory to be provided alongwith the application form.**

| S.No. | Particulars | Remarks |
|---|---|---|
| 1. | Name of Beneficiary | Press Council of India |
| 2. | Destination Bank's Name and Branch | State Bank of India<br>Scope Complex Delhi,<br>Ground Floor, Core 6 Scope Complex,<br>Lodhi Road,,<br>New Delhi- 110003. |
| 3. | Account Number | 52142907714 |
| 4. | Branch IFSC Code | SBIN0020511 |
| 5. | Beneficiary's Address | Soochna Bhawan, $3^{rd}$ Floor,<br>08-CGO Complex, Lodhi Road,<br>New Delhi. |

6. SCHEME OF EXAMINATION:

**a) Objective Type (200 Questions) Tier-I**

| Part | Paper | Total Questions | Total Marks | Sectional Cut-Off | Duration |
|---|---|---|---|---|---|
| I | General Intelligence and Reasoning | 50 | 50 | 40% for UR<br>35% for OBC | 150 Minutes |
| II | General Awareness | 50 | 50 | | |
| II | Mathematical Abilities/Quantitative Aptitude | 50 | 50 | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| III | English Comprehension | 50 | 50 | | |

**Note-I: There will be negative marking penalty of 0.25 marks for each wrong answer.**

**Note-II:** Candidates will be required to secure the minimum qualifying marks in each of the four sections of the Tier-I Examination separately. Shortlisting for the subsequent Tier-II Examination will be subject to achieving the qualification threshold in each individual section of Tier-I examination.

**b) Descriptive Type (Tier-II) (Qualifying Nature)**

| Scheme of Examination | Maximum Marks | Cut-off | Time Allotted |
|---|---|---|---|
| Descriptive paper in English or Hindi (Writing Ability and Critical Analysis through Essay /Precis/ Letter/Application etc.) | 100 | 65% for UR<br>60% for OBC | 60 Minutes |

7. **(a)** The Council reserves the right to add an additional Tier in the scheme of Examination.
   **(b)** Question papers of Tier-I Examination will be printed bilingually in Hindi and English, with the sole exception of the English Language Comprehension section, which will be available exclusively in English.
   **(c)** The Tier-II examination must be answered either in English or in Hindi. Answering some Questions in English and some Questions in Hindi will result in disqualification of the candidate.

## 8. INDICATIVE SYLLABUS FOR EXAMINATION:

(1) **Objective Type Examination:**

- **General Intelligence & Reasoning**: It would include questions of both verbal and non-verbal type. This component may include questions on analogies, similarities and differences, space visualization, spatial orientation, problem solving, analysis, judgment, decision making, visual memory, discrimination, observation, relationship concepts, arithmetical reasoning and figural classification, arithmetic number series, non-verbal series, coding and decoding, statement conclusion, syllogistic reasoning etc. The topics are, Semantic Analogy, Symbolic/Number Analogy, Figural Analogy, Semantic Classification, Symbolic/Number Classification, Figural Classification, Semantic Series, Number Series, Figural Series, Problem Solving, Word Building, Coding & de-coding, Numerical Operations, Symbolic Operations, Trends, Space Orientation, Space Visualization, Venn Diagrams, Drawing inferences, Punched hole/ pattern- folding & un-folding, Figural Pattern-folding and completion, Indexing, Address matching, Date & city matching, Classification of centre codes/roll numbers, Small & Capital letters/numbers coding, decoding and classification, Embedded Figures, Critical thinking, Emotional Intelligence, Social Intelligence.

- **General Awareness:** Questions in this component will be aimed at testing the candidates" general awareness of the environment around him and its application to society. Questions will also be designed to test knowledge of current events and of such matters of every day observations and experience in their scientific aspect as may be expected of any educated person. The test will also include questions relating to India and its neighboring countries especially pertaining to History, Culture, Geography, Economic Scene, Politics, General Policy & Scientific Research.

- **English Language & Comprehension**: Vocabulary, grammar, sentence structure, synonyms, antonyms and their correct usage; Spot the Error, Fill in the Blanks, Synonyms/ Homonyms, Antonyms, Spellings/ Detecting mis-spelt words, Idioms & Phrases, One word substitution, Improvement of Sentences, Active/ Passive Voice of Verbs, Conversion into Direct/ Indirect narration, Shuffling of Sentence parts, Shuffling of Sentences in a passage, Cloze Passage, Comprehension Passage. To test comprehension, three or more paragraphs to be given and questions based on those will be asked. At least one paragraph to be a simple one based on a book or a story and the other two paragraphs to be on current affairs, based on a report or an editorial.

- **Quantitative Aptitude**: The questions will be designed to test the ability of appropriate use of numbers and number sense of the candidate. The scope of the test will be computation of whole numbers, decimals, fractions and relationships between numbers, Percentage. Ratio & Proportion, Square roots, Averages, Interest, Profit and Loss, Discount, Partnership Business, Mixture and Alligation, Time and distance, Time & Work, Basic algebraic identities of School Algebra & Elementary surds, Graphs of Linear Equations, Triangle and its various kinds of centres, Congruence and similarity of triangles, Circle and its chords, tangents, angles subtended by chords of a circle, common tangents to two or more circles, Triangle, Quadrilaterals, Regular Polygons, Circle, Right Prism, Right Circular Cone, Right Circular Cylinder, Sphere, Hemispheres, Rectangular Parallelepiped, Regular Right Pyramid with triangular or square base, Trigonometric ratios, Degree and Radian Measures, Standard Identities like $Sin^2\theta+Cos^2\theta=1$, etc., Complementary angles, Heights and Distances, Histogram, Frequency polygon, Bar diagram & Pie chart; Mean, median, mode; standard deviation; simple probabilities.

**(2) Descriptive Type Examination:**

The Tier-II Examination shall be of **descriptive type** and shall assess the candidate's writing ability, comprehension, analytical skills, and knowledge of the prescribed syllabus. The Paper in Tier-II will have to be answered either in Hindi or in English. Part paper written in Hindi and part in English will be awarded zero marks.

**9. INSTRUCTION FOR EXAMS:**

**(i) Tier I (Objective Type Examination)**

The examination will be conducted by Computer Based Testing or by Manual method using an **OMR (Optical Mark Recognition) Answer Sheet**. In manual method, following instructions shall be observed:

- Candidates shall use **only a blue or black ballpoint pen** to fill the OMR Answer Sheet, unless otherwise instructed.
- Candidates must correctly fill in the **Roll Number, Question Booklet Series/Code and other required particulars** in the designated spaces. Incorrect or incomplete particulars may lead to rejection of the OMR Answer Sheet.
- Answers shall be marked by **completely darkening only one circle** corresponding to the correct option. Tick marks, crosses, dots, or partially filled circles shall not be considered valid, and will accordingly be treated as incorrect response.
- **Multiple responses** for a question shall be treated as an incorrect response.
- Candidates shall **not use correction fluid, erasers, blades, or overwrite** on the OMR Answer Sheet.
- Candidates shall not make any **stray marks**, scratches, holes, tears, write outside the designated areas, or perform rough work on the OMR Answer Sheet.
- The OMR Answer Sheet shall not be folded, torn, crumpled, soiled, or otherwise damaged.

- Candidates shall verify that the **Question Booklet Series/Code** entered on the OMR Answer Sheet matches with that on the Question Booklet supplied before commencing the examination.
- The OMR Answer Sheet will be evaluated by **computerized scanning**, and the responsibility for correct marking and filling of particulars shall rest entirely with the candidate.
- Violation of any of these instructions shall result in disqualification of the candidature.
- No request for re-evaluation or manual verification of the OMR Answer Sheet shall be entertained except as provided in the examination rules.

**(ii) Tier II (Descriptive Type Examination)**

- Answers shall be written **legibly** in blue or black ballpoint pen, unless otherwise specified. Illegible handwriting may adversely affect evaluation.
- Candidates shall write their **Roll Number and other particulars** only in the space provided on the answer booklet. They shall not write their name or make any identifying marks anywhere in the answer booklet, failing which the candidature may be liable to be cancelled.
- Candidates shall answer the questions in the space provided in the answer booklet.
- Candidates shall not remove any page from the answer booklet or damage, deface, or write anything other than the answers and the required particulars.
- Candidates shall hand over the answer booklet to the Invigilator before leaving the examination hall. No candidate shall be permitted to leave the examination hall with the answer booklet or any part thereof.

## 10. RESOLUTION OF TIE CASES:

In case where more than one candidate secures equal aggregate marks, tie will be resolved by applying following methods one after another:

i. Marks in Tier- I (i.e., Objective Type Examination)
ii. Marks in Section I of Tier-I (i.e. Objective Type Examination)
iii. Marks in Tier-II (i.e., Descriptive Type Examination)
iv. Date of birth, with older candidate placed higher.
v. Alphabetical order in which names of the candidates appear.

## 11. MINIMUM QUALIFYING MARKS / CUT-OFF MARKS

- A candidate must secure the **minimum qualifying marks** in all the sections of **Tier-I (Objective)** and **Tier-II (Descriptive)** examinations separately.
- The minimum qualifying marks for Tier I shall be as follows:
  - Unreserved (UR): 40%
  - Other Backward Classes (OBC): 35%
- The minimum qualifying marks for Tier II shall be as follows:
  - Unreserved - 65%
  - Other Backward Classes - 60%
- Merely securing the minimum qualifying marks shall **not** confer any right to selection or inclusion in the merit list.
- The Council reserves the right to prescribe **higher or lower cut-off marks** in Tier-I and/or Tier-II for shortlisting candidates, depending upon the number of vacancies, the number of candidates appearing, and the overall performance in the examination.
- The Tier-II Examination (Descriptive Type – Writing Ability and Critical Analysis of Selected Topic(s)) is **qualifying in nature**. Only those candidates who secure **a minimum of 60% marks (OBC)** and **65% marks (UR)** in Tier-II shall be considered for

inclusion in the merit list. The final merit list shall be prepared solely on the basis of the marks obtained in the Tier-I Examination.

12. **GENERAL INSTRUCTIONS:**

(i) Candidates must satisfy themselves that they possess the required educational qualifications, experience, age limit, etc. before applying for the examination

(ii) All eligibility criteria and experience thresholds will be calculated as on the last date of submission of application.

(iii) Candidates are not permitted to use Mobile Phone, Calculator, smart watches, bluetooth device or any other electronic/electrical device for answering any question paper. Candidates must not, therefore, bring Mobile Phone, Calculator or any other electronic/ electrical /communication device inside the Examination premises. Possession of these items, whether in use or not, will be considered as "use of unfair means" in the Examination and candidature of such candidates will be cancelled forthwith. Such candidates are also liable for debarment upto a period of 3 (three) years.

(iv) Candidates shall not use unfair means or indulge in any malpractice during the examination. Any such act shall render the candidate liable to disciplinary action, including cancellation of candidature and debarment from future examinations.

(v) Candidate shall comply with all instructions issued by the Council from time to time. Failure to comply with the instructions may result in disqualification from the examination.

(vi) Candidates serving in Government/Public Sector Undertaking are required to send their applications through proper channel/with No-Objection Certificate issued by Competent Authority of their employer.

(vii) Applications which do not meet the criteria given in the advertisement and/or incomplete applications are liable to summarily rejected.

**(viii) The Council reserves the right to cancel the examination at any stage of recruitment without assigning any reasons.**

(ix) Admission to any stage of the recruitment process is purely provisional and subject to verification of documents at later stage.

(x) Candidates furnishing any particulars that are found to be false, tampered, fabricated or suppress any material/information while submitting the application and self-certified copies/testimonial, will stand disqualified.

(xi) The number of posts advertised may vary, and the Secretariat of the Council reserves the right not to fill up some or all the posts advertised, if the circumstances so warrant.

(xii) OBC candidates, who are selected on their own merit without relaxed standards, will be accommodated against the unreserved vacancies in the post as per their position in the overall merit **or** vacancies earmarked for their category, whichever is advantageous to them. The reserved vacancies will be filled up separately from amongst the eligible OBC candidates.

(xiii) Candidates called for written test shall do so at their own expenses. No TA/DA shall be paid.

(xiv) Original certificates including educational, caste and birth certificates must be provided during the document verification along with a self attested copy of all such documents.

(xv) Any addenda, corrigenda or updates regarding the examination dates and syllabus will be published only on the official website of the Press Council of India. Candidates are responsible for checking the website regularly.

(xvi) Eligible candidates will receive their Admit Cards transmitted through their registered Email IDs and backed up via physical post. Candidates must download & carry a physical copy, alongwith two colour passport size photographs, and original valid photo ID proof

such as (i) Aadhaar Card/Printout of E-Aadhaar, (ii) Voter's ID Card, (iii) Driving License, (iv) PAN Card and (v) Passport.

(xvii) Form of Certificate is to be produced by Other Backward Classes applying for appointment to the post Assistant Section Officer in the Press Council of India. (Annexure-II); and by other candidates claiming age relaxation under specific categories (after satisfying themselves that such claim will not make them ineligible for selection against unreserved vacancies), and by PwBDs having difficulty in writing who wish to avail assistance of scribe, as per prescribed formats of Government of India for each such category.

(xviii) The outermost mailing envelope must be boldly super scribed: **"APPLICATION FOR THE POST OF ASSISTANT SECTION OFFICER (ASO) – DIRECT RECRUITMENT".**

(xix) **The eligible and interested candidate are required to submit their application in the attached proforma alongwith self-attested copies of the certificates, date of birth, experience (if any), etc. to The Under Secretary (Administration), Press Council of India, Room No. 346, 3rd Floor, Soochna Bhawan, 8 CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110 003 within 30 days of the date of publication of Short Notice in the Employment News.**

**(Sanjay Kumar Bharti)**
**Under Secretary (Admn.)**

*Annexure-I*

**Application No.** ___________
(To be filled by the Office)

## BIO-DATA OF APPLICANTS FOR POST OF ASSISTANT SECTION OFFICER (ASO) IN THE SECRETARIAT OF THE PRESS COUNCIL OF INDIA

(***TO BE FILLED BY THE CANDIDATE IN BLOCK LETTERS***)

| Latest Passport size Photograph (Self Attested) |
|---|

**To,**
**The Under Secretary,**
**Press Council of India,**
**Soochna Bhawan, 8, CGO Complex,**
**Lodhi Road, New Delhi – 110 003**

1. Name :
2. Father's Name :
3. Mother's Name :
4. Gender : [Male] [Female] [Other]
5. Date of Birth (DD/MM/YYYY) :
6. Age :
7. Nationality :

8. (a) Educational Qualification :
(Essential) viz. Matriculation, 10+2, Graduation

| S.No. | Name of Examination | Name of Board/University | Name of School/ College and District | Total Marks | Marks obtained |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |

(b) Educational Qualification
(Preferred/Desirable)

| S.No. | Name of Examination | Name of Board/University | Name of School/ College and District | Total Marks/CGPA | Marks/CGPA obtained |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |

9. Address
   (a) Permanent :

   (b) Present :
   (For correspondence)

10. Payment details: :
    (a) Cheque/DD No. with Drawee Bank Name, Address & IFSC Details

    (b) UTR No. of Payment Receipt (if payment made through online mode)

11. Category :
    (*Tick whichever is applicable*)

| UR | OBC | SC | ST | EWS |
|---|---|---|---|---|
| PwBD | OTHERS (Pl. Specify) | | | |

12. Experience, if any

13. Contact Details
    (a) Mobile No. :
    (b) E-mail ID :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14 (I) | Whether applied and Admit Card was issued for the examination held on 04.05.2025: | Y | N |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (II) | If answer to (I) is Y, then Roll No. assigned for the examination (Please attach copy of Admit Card): | | | | | |

## DECLARATION

I hereby declare that in the event of any information or part thereof being found incorrect at any stage, my candidature/appointment is liable to be cancelled/ terminated without any notice to me and action can be taken against me.

Place:
Date: (Signature of the Applicant)

(FORM OF CERTIFICATE TO BE PRODUCED BY OTHER BACKWARD CLASSES APPLYING FOR APPOINTMENT TO POSTS UNDER THE GOVERNMENT OF INDIA)

This is to certify that Shri/Smt./Kumari ______________________son/daughter of ____________________________ of village/town ______________________ in District/Division _____________________________ in the State/Union Territory _________________________ belongs to the ________________ Community which is recognized as a backward class under the Government of India, Ministry of Social Justice and Empowerment's Resolution No. ______________________ dated _______________*. Shri/Smt./Kumari _______________________ and/or his/her family ordinarily reside(s) in the ____________________ District/Division of the _________________________ State/Union Territory. This is also to certify that he/she does not belong to the persons/sections (Creamy Layer) mentioned in Column 3 of the Schedule to the Government of India, Department of Personnel & Training O.M. No. 36012/22/93-Estt (SCT) dated 8.9.1993**.

District Magistrate: ________________________

Deputy Commissioner etc.: _________________

Dated:

Seal:

* The authority issuing the certificate may have to mention the details of Resolution of Government of India, in which the caste of the candidate is mentioned as OBC.

** As amended from time to time.

Note: The term"Ordinarily" used here will have the same meaning as in Section 20 of the Representation of the People Act, 1950.

भारतीय प्रेस परिषद
PRESS COUNCIL OF INDIA
सूचना भवन, 8 सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली–110 003
Soochna Bhawan, 8 CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi-110003

**मि.सं. 1/6/2020-पीसीआई (प्रशा.)(भाग-III)** **दिनांक: 26.09.2026**

## रिक्ति परिपत्र

**18.05.2024** के रिक्तिपरिपत्र, **04.05.2025** को आयोजित परीक्षा और उसके बाद **18.06.2026** की सूचना के ज़रिए उसे रद्द किए जाने के क्रम में, **भारतीय प्रेस परिषद** में **सहायक अनुभाग अधिकारी (ग्रुप 'बी', अराजपत्रित)** के पद कीरिक्ति भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से फिर से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियोंका विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | पद का नाम तथा वेतनमान | रिक्तियाँ | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
| 1. | सहायक अनुभाग अधिकारी (ग्रुप बी अराजपत्रित)<br>लेवल- 6<br>(संशोधन-पूर्व पीबी-2 ₹9,300-34,800 + पदक्रम वेतन ₹4,200/-) | 02 | 01 | 00 | 00 | **03** |

**2.** जिन अभ्यर्थियों ने 18.05.2024 के विज्ञापन नोटिस के उत्तर में पहले आवेदन किया था और जिन्हें 04.05.2025 को आयोजित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, वे पीसीआईमें सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) के उक्त पदों के लिए सीधी भर्ती परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे, भले ही नए आवेदनों के लिए अधिकतम आयु सीमा कुछ भी निर्धारित की गई हो।हालांकि, ऐसे अभ्यर्थियों को तय संरूप (फ़ॉर्मेट) में एक नया आवेदन जमा करना होगा, जिसमें उन्हें 04.05.2025 को आयोजित परीक्षा के लिए आबंटित अनुक्रमांक का उल्लेख करना होगा। उन्हें उक्त परीक्षा में दोबारा शामिल होने के लिए परीक्षा शुल्क के भुगतान से छूट दी जाएगी।

**3. अर्हता**

**न्यूनतम:**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक डिग्री।

**पसंदीदा/वांछनीय:**

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री **या**
(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कानून में डिग्री **या**
(iii) पत्रकारिता/जनसंचार में डिग्री/डिप्लोमा **या**
(iv) अंग्रेज़ी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा का ज्ञान।

सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्ति की तारीख से दो साल के अंदर, अभ्यर्थियों को कंप्यूटर पर 15 मिनट की टंकणपरीक्षा पास करनी होगी। इसके लिए अंग्रेज़ी में कम से कम 30 शब्द प्रति मिनटया हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनटकी स्पीड ज़रूरी होगी।अगर वे तय समय में परीक्षा पास नहीं कर पाते हैं, तो वे तब तक कोई और वेतन वृद्धि पाने के हकदार नहीं होंगे जब तक वे परीक्षा पास नहीं कर लेते या उन्हें इस ज़रूरत से छूट नहीं मिल जाती। परीक्षा पास करने या छूट मिलने पर उनकावेतन फिर से ऐसे तय किया जाएगा जैसे कि उनकीवेतन वृद्धि रोकी ही न गई हो, लेकिन जिस समय के लिए वेतन वृद्धि रोकी गई थी, उस समय के लिए वेतन का कोई बकाया (एरियर) नहीं दिया जाएगा।

4. आयु सीमा: 20-30वर्ष

**नोट-I:** इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा में भारत सरकार के मौजूदा आदेशों के अनुसार छूट दी जा सकती है।

**नोट-II:** उम्र सीमा की गणना के लिए आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख को आधार माना जाएगा। अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि उम्र की पात्रता तय करने के लिए परिपत्र केवल मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र या उसके बराबर के प्रमाणपत्र में दर्ज जन्म तिथि को ही स्वीकार करेगी और बाद में इसे बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा या उसे मंज़ूरी नहीं दी जाएगी।

**नोट-III:** ओबीसीश्रेणी के तहत नियुक्ति चाहने वाले व्यक्ति को यह पक्का करना होगा कि आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख (जो कि ज़रूरी तारीख है) पर वह 'क्रीमी लेयर' में न आता हो। ओबीसीश्रेणी के वे आवेदक, जो समय-समय पर संशोधित भारत सरकार के मौजूदा आदेशों के अनुसार 'क्रीमी लेयर' में नहीं आते हैं, उन्हें तय संरूप (फ़ॉर्मेट) (संलग्नक-II) के अनुसार ज़रूरी प्रमाणपत्र ज़रूर जमा करना होगा। ऐसे ओबीसीश्रेणी के आवेदकों की उम्मीदवारी, नियुक्ति करने वाले अधिकारी द्वारा उनके दावे की पुष्टि होने तक अस्थायी(प्रोविज़नल) रहेगी।

5. **शुल्क:**

₹100 (केवल एक सौ रुपये) का शुल्क देना होगा। एससी/एसटीऔर महिला अभ्यर्थियों, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) और पूर्व-सैनिकों (ईएसएम) को शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। अभ्यर्थी नीचे दिए गए तरीकों से भुगतान कर सकते हैं।:

(i) भारतीय प्रेस परिषद के सचिव के पक्ष में माँग-मसौदा (डिमांड ड्राफ्ट)
(ii) भारतीय प्रेस परिषद के सचिव के पक्ष में चेक।
(iii) ऑनलाइन भुगतान: अभ्यर्थी नीचे दी गई जानकारी के अनुसार सीधे पीसीआईके बैंक खाते में ऑनलाइन भुगतानकर सकते हैं **और आवेदन प्रपत्र के साथ भुगतान की रसीद (यूटीआर नंबर) की प्रति देना ज़रूरी है।**

| क्र.सं. | विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | लाभार्थी का नाम | भारतीय प्रेस परिषद |
| 2. | लक्ष्य (डेस्टिनेशन) बैंक का नाम और ब्रांच | स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, स्कोप कॉम्प्लेक्स दिल्ली, ग्राउंड फ़्लोर, कोर 6 स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003. |
| 3. | खाता संख्या | 52142907714 |
| 4. | शाखा काआईएफ़एससीकोड | SBIN0020511 |
| 5. | लाभार्थी का पता | सूचना भवन, तृतीयतल, 08-सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली। |

6. **परीक्षा योजना:**

**क) वस्तुनिष्ठ टाइप (200 प्रश्न) स्तर-I**

| भाग | पेपर | कुल प्रश्न | कुल अंक | अनुभागीय विच्छेदक (सेक्शनल कट-ऑफ़) | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति | 50 | 50 | अनारक्षित के लिए 40%<br>ओबीसी के लिए 35% | 150 मिनट |
| II | सामान्य जागरूकता | 50 | 50 | | |
| III | गणितीय क्षमताएँ/संख्यात्मक योग्यता | 50 | 50 | | |

| IV | अंग्रेज़ी समझ | 50 | 50 | | |
|---|---|---|---|---|---|

**नोट-I: हर गलत उत्तर के लिए 0.25 अंकों का नकारात्मकअंकन कादंड होगा।**

**नोट-II:** अभ्यर्थियों को स्तर-I परीक्षा के चारों भाग में से हर एक में अलग-अलग न्यूनतमअर्हक अंक लाने होंगे। इसके बाद होने वाली स्तर-II परीक्षा के लिए लघु-सूचियन (शॉर्टलिस्टिंग), स्तर-I परीक्षा के हर भाग में आवश्यकअर्हता लेवल हासिल करने पर निर्भर करेगी।

**ख) वर्णनात्मक प्रकार (स्तर-II) (अर्हक प्रकृति)**

| परीक्षा योजना | अधिकतम अंक | विच्छेदक (कट-ऑफ़) | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|
| अंग्रेज़ी या हिंदी में वर्णनात्मक पेपर (निबंध/संक्षेपण/पत्र/आवेदन आदि के माध्यम से लेखन क्षमता और आलोचनात्मक विश्लेषण) | 100 | अनारक्षित के लिए 65%<br>ओबीसी के लिए 60% | 60 मिनट |

7. **(क)** परिषद के पास परीक्षा की योजना में एक अतिरिक्त स्तर जोड़ने का अधिकार सुरक्षित है।
   **(ख)** स्तर-I परीक्षा के प्रश्न-पत्र हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में छापे जाएंगे, सिवाय 'अंग्रेज़ी भाषा और समझ' भाग के, जो सिर्फ़ अंग्रेज़ी में ही उपलब्ध होगा।
   **(ग)** स्तर-II परीक्षा का उत्तर या तो अंग्रेज़ी में या हिंदी में देना होगा। कुछ सवालों के उत्तर अंग्रेज़ी में और कुछ के हिंदी में देने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**8. <u>परीक्षा के लिए सांकेतिक पाठ्यक्रम:</u>**

**(1) वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा:**

- **सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति:** इसमें मौखिक (वर्बल) और गैर-मौखिक (नॉन-वर्बल) दोनों तरह के सवाल शामिल होंगे। इस हिस्से में सादृश्य (एनालॉजी), समानता और अंतर, स्थानिक कल्पना, स्थानिक अभिविन्यास (ओरिएंटेशन), समस्या-समाधान, विश्लेषण, निर्णय लेना, विज़ुअल मेमोरी, अंतर करना, अवलोकन, संबंध की अवधारणाएं, अंकगणितीय तर्क और आकृतियों का वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या शृंखला, गैर-मौखिक शृंखला, कोडिंग और डिकोडिंग, कथन-निष्कर्ष, सिलोजिस्टिक तर्क (न्यायवाक्य) आदि से जुड़े सवाल हो सकते हैं।इन विषयों में शामिल हैं: अर्थ-आधारित समानता (Semantic Analogy), सांकेतिक/संख्या समानता, आकृतियों की समानता, अर्थ-आधारित वर्गीकरण, सांकेतिक/संख्या वर्गीकरण, आकृतियों का वर्गीकरण, अर्थ-आधारित शृंखला, संख्या शृंखला, आकृतियों की शृंखला, समस्या समाधान, शब्द निर्माण, कोडिंग और डिकोडिंग, संख्यात्मक संक्रियाएँ, सांकेतिक संक्रियाएँ, रुझान (Trends), स्थानिक अभिविन्यास(Space Orientation), स्थानिक कल्पना (Space Visualization), वेन आरेख (Venn Diagrams), निष्कर्ष निकालना, पंच-होल/पैटर्न - मोड़ना और खोलना, आकृतियों का पैटर्न - मोड़ना और पूरा करना, अनुक्रमण (Indexing), पता मिलान, तारीख और शहर का मिलान, केंद्र कोड/अनुक्रमांक का वर्गीकरण, छोटे और बड़े अक्षरों/संख्याओं की कोडिंग, डिकोडिंग और वर्गीकरण, छिपी हुई आकृतियाँ (Embedded Figures), आलोचनात्मक सोच, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सामाजिक बुद्धिमत्ता।

- **सामान्य जागरूकता:** इस हिस्से में ऐसे सवाल होंगे जिनसे अभ्यर्थियों की अपने आस-पास के पर्यावरण और समाज पर उसके असर के बारे में सामान्य जानकारी की जाँच की जा सके। सवाल इस तरह से बनाए जाएंगे जिनसे रोज़मर्रा की घटनाओं और अनुभवों के वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में जानकारी की जाँच हो सके, जिसकी उम्मीद किसी भी पढ़े-लिखे व्यक्ति से की जाती है। परीक्षा में भारत और उसके पड़ोसी देशों से जुड़े सवाल भी शामिल होंगे, खासकर इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक स्थिति, राजनीति, सामान्य नीति और वैज्ञानिक अनुसंधान से संबंधित।

- **अंग्रेज़ी भाषा और समझ**: वोकैबुलरी, ग्रामर, वाक्य की बनावट, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द और उनका सही इस्तेमाल; गलती पहचानना (Spot the Error), खाली जगह भरना (Fill in the Blanks), पर्यायवाची/होमोनिम्स (एक जैसे उच्चारण वाले शब्द), विलोम शब्द, स्पेलिंग/गलत स्पेलिंग वाले शब्द पहचानना, मुहावरे और कहावतें, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (One word substitution), वाक्यों में सुधार, वर्ब का एक्टिव/पैसिव वॉइस, डायरेक्ट/इनडायरेक्ट नरेशन में बदलना, वाक्य के हिस्सों को आगे-पीछे करना (Shuffling), पैराग्राफ में वाक्यों को आगे-पीछे करना, क्लोज़ पैसेज (Cloze Passage), समझने की क्षमता की जाँच(कॉम्प्रिहेंशन पैसेज)। समझ की जाँच के लिए, तीन या उससे ज़्यादा पैराग्राफ दिए जाएंगे और उन पर आधारित सवाल पूछे जाएंगे। कम से कम एक पैराग्राफ आसान होगा जो किसी किताब या कहानी पर आधारित होगा और बाकी दो पैराग्राफ करंट अफेयर्स पर होंगे, जो किसी रिपोर्ट या एडिटोरियल पर आधारित होंगे।

- **मात्रात्मक रूझान**: सवाल इस तरह से बनाए जाएंगे कि अभ्यर्थी की संख्याओं के सही इस्तेमाल और नंबर सेंस (संख्याओं की समझ) की क्षमता को परखा जा सके। परीक्षा का दायरा ये होगा: पूर्ण संख्याओं (whole numbers) की गणना, दशमलव, भिन्न और संख्याओं के बीच संबंध, प्रतिशत, अनुपात और समानुपात, वर्गमूल, औसत, ब्याज, लाभ और हानि, छूट, साझेदारी का व्यापार, मिश्रण और एलिगेशन, समय और दूरी, समय और काम, स्कूली बीजगणित (algebra) की बुनियादी पहचान और एलिमेंट्री सर्ड्स (surds), रैखिक समीकरणों (linear equations) के ग्राफ़, त्रिभुज और उसके विभिन्न केंद्र, त्रिभुजों की सर्वांगसमता (congruence) और समरूपता (similarity), वृत्त और उसकी जीवाएं (chords), स्पर्शरेखाएं (tangents), वृत्त की जीवाओं द्वारा बनाए गए कोण, दो या दो से अधिक वृत्तों की उभयनिष्ठ स्पर्शरेखाएं, त्रिभुज, चतुर्भुज, नियमित बहुभुज (regular polygons), वृत्त, राइट प्रिज्म, राइट सर्कुलर कोन, राइट सर्कुलर सिलेंडर, गोला, अर्धगोला, आयताकार समांतर-षट्फलक (rectangular parallelepiped), त्रिभुजाकार या वर्गाकार आधार वाला नियमित राइट पिरामिड, त्रिकोणमितीय अनुपात, डिग्री और रेडियन माप, मानक पहचान जैसे $Sin2\theta+Cos2\theta=1$ आदि, पूरक कोण, ऊंचाई और दूरी, हिस्टोग्राम, फ्रीक्वेंसी पॉलीगॉन, बार डायग्राम और पाई चार्ट; माध्य, माध्यिका, बहुलक; मानक विचलन; सरल संभावनाएं।

**(2)वर्णनात्मक प्रकार की परीक्षा:**

स्तर-॥ परीक्षा **वर्णनात्मक (descriptive)** प्रकार की होगी और इसमें अभ्यर्थी की लेखन क्षमता, समझ, विश्लेषणात्मक कौशल और निर्धारित पाठ्यक्रम के ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा। स्तर-॥ के पेपर का उत्तर या तो हिंदी में या अंग्रेजी में देना होगा। यदि पेपर का कुछ हिस्सा हिंदी में और कुछ हिस्सा अंग्रेजी में लिखा जाता है, तो शून्य अंक दिए जाएंगे।

**9. परीक्षाओं के लिए निर्देश:**

**(i) स्तर-। (वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा)**

परीक्षा कंप्यूटर-आधारित परीक्षा या **ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन) उत्तर पत्रक** का इस्तेमाल करके मैनुअल तरीके से आयोजित की जाएगी। मैनुअल तरीके में, नीचे दिए गए निर्देशों का पालन किया जाएगा:

- जब तक कोई और निर्देश न दिया जाए, अभ्यर्थियों को ओएमआरउत्तर पत्रक भरने के लिए **केवल नीले या काले बॉलपॉइंट पेन** का इस्तेमाल करना चाहिए।
- अभ्यर्थियों को तय जगहों पर **अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका शृंखला/कोड और अन्य ज़रूरी जानकारी** सही-सही भरनी चाहिए। गलत या अधूरी जानकारी होने पर ओएमआरउत्तर पत्रक रद्द की जा सकती है।
- सही विकल्प वाले **केवल एक गोले को पूरी तरह से काला करके ही** उत्तर अंकित किए जाने चाहिएं। टिक मार्क, क्रॉस, बिंदु या आंशिक रूप से भरे हुए गोलों को मान्य नहीं माना जाएगा और उन्हें गलत उत्तर माना जाएगा।
- किसी सवाल के लिए **एक से ज़्यादा उत्तर देने** पर उसे गलत उत्तर माना जाएगा।
- अभ्यर्थी ओएमआर उत्तर-पत्रक पर **करेक्शन फ़्लूइड, इरेज़र, ब्लेड का इस्तेमाल नहीं करेंगे** और न ही उस पर ओवरराइट करेंगे।
- अभ्यर्थी ओएमआर उत्तर पत्रक पर कोई भी **अनावश्यक निशान**, खरोंच, छेद या फाड़ नहीं करेंगे, तय जगहों के बाहर कुछ नहीं लिखेंगे और न ही कोई रफ़ काम करेंगे।

- ओएमआर उत्तर-पत्रक को मोड़ा, फाड़ा, सिकोड़ा, गंदा या किसी अन्य तरह से क्षतिग्रस्त नहीं किया जाना चाहिए।
- परीक्षा शुरू करने से पहले, अभ्यर्थियों को यह जाँच लेना चाहिए कि ओएमआर उत्तर-पत्रक पर दर्ज **प्रश्न पुस्तिका की शृंखला/कोड**, उन्हें दी गई प्रश्न पुस्तिका पर लिखे शृंखला/कोड से मेल खाता है।
- ओएमआर उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन **कंप्यूटरीकृत स्कैनिंग** द्वारा किया जाएगा, और सही ढंग से निशान लगाने तथा विवरण भरने की पूरी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
- इनमें से किसी भी निर्देश का उल्लंघन करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
- परीक्षा नियमों में दी गई व्यवस्था के अलावा, ओएमआर उत्तर-पत्रक के पुनर्मूल्यांकन या मैन्युअल सत्यापन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(ii) स्तर-II (वर्णनात्मक प्रकार की परीक्षा)**

- जब तक अन्यथा न कहा गया हो, उत्तर नीले या काले बॉलपॉइंट पेन से **साफ-साफ** लिखे जाने चाहिएं। खराब लिखावट का मूल्यांकन पर बुरा असर पड़ सकता है।
- अभ्यर्थी अपना **अनुक्रमांक और अन्य विवरण** केवल उत्तर पत्रक में दी गई जगह पर ही लिखें। वे उत्तर पत्रक में कहीं भी अपना नाम न लिखें और न ही कोई पहचान-चिह्न बनाएँ; ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।
- अभ्यर्थियों को उत्तर पत्रक में दी गई जगह पर ही सवालों के उत्तर देने होंगे।
- अभ्यर्थीउत्तर पत्रक से कोई भी पन्ना नहीं निकालेंगे और न ही उसे नुकसान पहुँचाएंगे या खराब करेंगे; साथ ही, वे उत्तर और ज़रूरी जानकारी के अलावा उस पर कुछ भी नहीं लिखेंगे।
- अभ्यर्थियों को परीक्षा हॉल से निकलने से पहले अपनी उत्तर-पत्रकपर्यवेक्षक को सौंपनी होगी । किसी भी अभ्यर्थी को उत्तर-पत्रक या उसके किसी भी हिस्से के साथ परीक्षा हॉल से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

**10.बराबरी (टाई) के मामलों का निपटारा:**

उन मामलों में जहाँ एक से अधिक अभ्यर्थी एक समान कुल अंक प्राप्त करते हैं,तो बराबरी (टाई) का निपटारा एक केबाद दूसरे निम्नलिखित तरीकों को अपनातेहुए किया जाएगा:

i. स्तर-I (अर्थात्, वस्तुनिष्ठ परीक्षा) में अंक
ii. स्तर-I (अर्थात्, वस्तुनिष्ठ परीक्षा) के भाग-I में अंक
iii. स्तर-II (अर्थात्, वर्णनात्मक परीक्षा) में अंक
iv. जन्म तिथि; अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।
v. वह वर्णानुक्रम जिसमें अभ्यर्थियों के नाम आते हैं।

**11. न्यूनतम अर्हक अंक / विच्छेदक (कट ऑफ़) अंक**

- अभ्यर्थी को **स्तर-I (वस्तुनिष्ठ)** और **स्तर-II (वर्णनात्मक)** परीक्षाओं के सभी भागों में अलग-अलग **न्यूनतम अर्हक अंक** हासिल करने होंगे।
- स्तर-Iके लिए न्यूनतम अर्हक अंक इस प्रकार होंगे:
    - अनारक्षित (यूआर):40%
    - अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी): 35%
- स्तर-II के लिए न्यूनतम अर्हक अंक इस प्रकार होंगे:
    - अनारक्षित -65%
    - अन्य पिछड़ा वर्ग -60%
- केवल न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने से चयन या मेरिट सूची में शामिल होने का कोई अधिकार **नहीं** मिलेगा।

- परिषद के पास यह अधिकार है कि वह खाली जगहों की संख्या, परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या और परीक्षा में कुल प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थियों को लघु सूची (शॉर्टलिस्ट) करने के लिए स्तर-। और/या स्तर-।। में **ज़्यादा या कम विच्छेदक अंक (कट-ऑफ मार्क्स)** तय कर सकती है।
- स्तर-।। परीक्षा (वर्णनात्मक–लिखने की क्षमता और चुने हुए विषय/विषयों का आलोचनात्मक विश्लेषण) अर्हक प्रकृति की है। केवल वे अभ्यर्थी जो स्तर-।। में कम से कम **60% अंक (ओबीसी)** और **65% अंक (अनारक्षित**) प्राप्त करते हैं, उन्हें योग्यता क्रमसूची (मेरिट लिस्ट) में शामिल करने के लिए विचार किया जाएगा । अंतिमयोग्यता क्रमसूची(फाइनल मेरिट लिस्ट) केवल स्तर-। परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

## 12. सामान्य निर्देश:

(i) परीक्षा के लिए आवेदन करने से पहले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास ज़रूरी शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु सीमा आदि हैं।

(ii) सभी पात्रता मानदंडों और अनुभव की शर्तों की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी।

(iii) अभ्यर्थियों को किसी भी प्रश्न-पत्र का उत्तर देने के लिए मोबाइल फ़ोन, कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक/इलेक्ट्रिकल डिवाइस का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है। इसलिए, अभ्यर्थियों को परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फ़ोन, कैलकुलेटर या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक/इलेक्ट्रिकल/कम्युनिकेशन डिवाइस नहीं लाना चाहिए। इन चीज़ों का पास होना, चाहे वे इस्तेमाल में हों या नहीं, परीक्षा में "अनुचित साधनों का इस्तेमाल" माना जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी तुरंत रद्द कर दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थियों को 3 (तीन) साल तक के लिए प्रतिबंधित भी किया जा सकता है।

(iv) परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी किसी भी अनुचित साधन का इस्तेमाल या गलत काम नहीं करेंगे। ऐसा कोई भी काम करने पर अभ्यर्थी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनकी उम्मीदवारी रद्द करना और भविष्य की परीक्षाओं से उन्हें प्रतिबंधित करना शामिल हो सकता है।

(v) अभ्यर्थी को परिषद द्वारा समय-समय पर जारी सभी निर्देशों का पालन करना होगा। निर्देशों का पालन न करने पर परीक्षा से अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

(vi) सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्रकेउपक्रम में काम कर रहे अभ्यर्थियों को अपने आवेदन उचित माध्यम से या अपने नियोक्ता के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी 'बेबाकी प्रमाणपत्र' (एनओसी) के साथ भेजने होंगे।

(vii) विज्ञापन में दिए गए मानदंडों को पूरा न करने वाले और/या अधूरे आवेदनों को तुरंत खारिज किया जा सकता है।

**(viii) परिषद के पास भर्ती के किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताए परीक्षा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।**

(ix) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रवेश पूरी तरह से अस्थायी है और बाद के चरण में दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन है।

(x) जो अभ्यर्थी आवेदन और स्व-सत्यापित प्रतियाँ/प्रशंसा-पत्र जमा करते समय कोई ऐसी जानकारी देते हैं जो गलत, बदली हुई या मनगढ़ंत पाई जाती है, या किसी ज़रूरी जानकारी को छिपाते हैं, तो उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

(xi) विज्ञापन में दी गई पदों की संख्या बदल सकती है, और अगर हालात ऐसे हों, तो परिषद का सचिवालय विज्ञापित कुछ या सभी पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(xii) जो ओबीसीअभ्यर्थी बिना किसी रियायती मानक के अपनी योग्यता के आधार पर चुने जाते हैं, उन्हें पद की अनारक्षित रिक्तियों में समायोजित किया जाएगा। यह समायोजन उनकी समग्र योग्यता सूची में स्थिति **या**

उनकी श्रेणी के लिए निर्धारित रिक्तियों—इनमें से जो भी उनके लिए अधिक लाभकारी हो—के आधार पर किया जाएगा। आरक्षित रिक्तियां पात्र ओबीसीअभ्यर्थियों में से अलग से भरी जाएंगी।

(xiii) लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को अपने खर्च पर आना होगा। कोई टीए/डीएनहीं दिया जाएगा।

(xiv) दस्तावेज़ सत्यापन के समय मूल प्रमाणपत्र (जैसे कि शैक्षणिक, जाति और जन्मप्रमाणपत्र) और इन सभी दस्तावेज़ की स्व-सत्यापितप्रति जमा करनी होगी।

(xv) परीक्षा की तारीखों और पाठ्यक्रम से जुड़ी कोई भी अतिरिक्त जानकारी, सुधार या अद्यतन केवल 'भारतीय प्रेस परिषद' की आधिकारिक वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों की ज़िम्मेदारी है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

(xvi) योग्य अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर प्रवेश पत्र भेजे जाएंगे और साथ ही डाक (फिजिकल पोस्ट) से भी भेजे जाएंगे। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र की हार्ड प्रति डाउनलोड करके साथ लानी होगी। इसके अलावा, उन्हें पासपोर्ट साइज़ की दो रंगीन तस्वीरें और मूल विधिमान्य(वैलिड) फोटो आईडी प्रूफ भी साथ लाना होगा, जैसे कि (i) आधार कार्ड/ई-आधार का प्रिंटआउट, (ii) मतदाता पहचान पत्र, (iii) ड्राइविंग लाइसेंस, (iv) पैन कार्ड और (v) पासपोर्ट।

(xvii) भारतीय प्रेस परिषद में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले 'अन्य पिछड़ा वर्ग' (ओबीसी) के अभ्यर्थियों को एक प्रमाणपत्र दिखाना होगा (संलग्नक-II); साथ ही, उन अभ्यर्थियों को भी प्रमाणपत्र दिखाना होगा जो खास श्रेणी के तहत उम्र में छूट का दावा कर रहे हैं (यह पक्का करने के बाद कि ऐसे दावे से वे अनारक्षित रिक्ति के लिए चयन के अयोग्य नहीं होंगे), और उन दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी)अभ्यर्थियों को भी जो लिखने में कठिनाई के कारण लेखक (स्क्राइब) की मदद लेना चाहते हैं—इन सभी को भारत सरकार द्वारा हर श्रेणी के लिए तय किए गए संरूप (फ़ॉर्मेट) के अनुसार प्रमाणपत्र देना होगा।

(xviii) सबसे बाहरी डाक के लिफ़ाफ़े पर साफ़-साफ़ लिखा होना चाहिए: **"सहायक अनुभाग अधिकारी के पद हेतु आवेदन (ए एसओ) – सीधी भर्ती"।**

(xix) **योग्य और इच्छुक अभ्यर्थियों को 'रोज़गार समाचार' में अल्प सूचना (शॉर्ट नोटिस) छपने की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपना आवेदन, साथ में प्रमाणपत्र, जन्म तिथि, अनुभव (यदि कोई हो) आदि की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ, इस पते पर भेजना होगा: अवर सचिव (प्रशासन), भारतीय प्रेस परिषद, कमरा नंबर 346, तृतीय तल, सूचना भवन, 8 सी जीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003।**

संजय

**(संजय कुमार भारती)**
**अवर सचिव (प्रशा.)**

**आवेदन सं. __________**
(कार्यालय द्वारा भरा जाना है)

**भारतीय प्रेस परिषद के सचिवालय में सहायकअनुभागअधिकारी (एएसओ) के पद के लिए आवेदकों का जीवनवृत्त (बायो-डेटा)**

***(अभ्यर्थी द्वारा बड़े अक्षरों में भरा जाना है)***

| हाल की (लेटेस्ट) पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो (स्व-सत्यापित) |
|---|

**सेवा में,**
**अवर सचिव,**
**भारतीय प्रेस परिषद,**
**सूचना भवन, 8, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,**
**लोधी रोड, नई दिल्ली – 110 003**

1. नाम :
2. पिता का नाम :
3. माता का नाम :
4. लिंग : [ पुरुष ] [ स्त्री ] [ अन्य ]
5. जन्मतिथि (DD/MM/YYYY) :
6. आयु :
7. राष्ट्रीयता :
8. (क) शैक्षिक योग्यता :
(आवश्यक) जैसे - मैट्रिकुलेशन, 10+2, स्नातक

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | स्कूल/कॉलेज और ज़िले का नाम | कुल अंक | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |

(ख) शैक्षिक योग्यता
(पसंदीदा/वांछनीय)

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | स्कूल/कॉलेज और ज़िले का नाम | कुल अंक/सीजीपीए | प्राप्तांक/सीजीपीए |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |

9. पता
(क) स्थायी:

(ख) वर्तमान:
(पत्राचार के लिए)

10. भुगतान विवरण: :
(क) चेक/डीडीनंबर, साथ ही ड्रॉई बैंक का नाम, पता और आईएफ़एससीविवरण

(ख)भुगतान रसीद का यूटीआरनंबर (अगर भुगतान ऑनलाइन मोड से किया गया हो)

11. श्रेणी :
*(जो भी लागू हो, उस पर टिक करें।)*

| अनारक्षित | ओबीसी | एससी | एसटी | ईडब्ल्यूएस |
|---|---|---|---|---|
| दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) | अन्य (कृपया बताएं।) | | | |

12. अनुभव, यदि कोई हो

13. संपर्क विवरण
(क) मोबाइल सं. :
(ख) ई-मेल आईड :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. (I) | क्या 04.05.2025 को आयोजित परीक्षा के लिए आवेदन किया गया था और प्रवेश पत्र जारी किया गया था: | Y | N |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (II) | अगर (I) का उत्तर'हाँ' (Y) है, तो परीक्षा के लिए दिया गया अनुक्रमांक (कृपया प्रवेश पत्र की प्रति साथ लगाएं): | | | | | |

**घोषणापत्र**

मैं इसके द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि यदि किसी भी चरण पर कोई जानकारी या उसका कोई हिस्सा गलत पाया जाता है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना किसी सूचना के रद्द/समाप्त की जा सकती है और मेरे विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान:
दिनांक: (आवेदक के हस्ताक्षर)

(भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाण-पत्र का प्रारूप)

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ____________________, जो ____________________ (राज्य/केंद्र शासित प्रदेश) के ____________________ (ज़िले/डिविज़न) में ____________________ (गाँव/शहर) के निवासी हैं और ____________________ (पिता/माता का नाम) के पुत्र/पुत्री हैं, ______________ समुदाय से संबंधित हैं। इस समुदाय को भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के संकल्प संख्या ____________________ (दिनांक ______________*) के तहत पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता प्राप्त है।श्री/श्रीमती/कुमारी ____________________ और/या उनका परिवार आम तौर पर ______________________ राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के __________________ ज़िले/प्रभाग में रहता है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वे भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन (O.M.)नंबर 36012/22/93-Estt (SCT) दिनांक 08.09.1993** की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं हैं।

ज़िला मजिस्ट्रेट: ______________________

उपायुक्त आदि: ________________

दिनांक:

मुहर:

* प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारी को भारत सरकार के उस प्रस्ताव का विवरण देना पड़ सकता है, जिसमें अभ्यर्थी की जाति को ओबीसीबताया गया है।

** जैसा कि समय-समय पर संशोधित किया गया है।

नोट: यहाँ इस्तेमाल किए गए शब्द "आमतौर पर" (Ordinarily) का वही मतलब होगा जो 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950' की धारा 20 में है।